दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 09 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और मिजोरम में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में बताया कि छत्तीसगढ में पहले चरण का मतदान सात नवम्बर को और दूसरे चरण का सत्रह नवम्बर को होगा। वहीं, मिजोरम में सात नवम्बर को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा। मध्यप्रदेश में सत्रह नवम्बर को, राजस्थान में तेईस नवम्बर और तेलंगाना में तीस नवम्बर को एक ही चरण में मतदान होगा। पांचों राज्यों में मतगणना तीन दिसम्बर को होगी।

————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को फिलहाल राहत दिये जाने से इंकार कर दिया है। न्यायमूर्ति ए.एस बोपन्ना और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटीशन की सुनवाई की। खंडपीठ ने मामले को जस्टिस अरूण घोष की पीठ को स्थानांतरित कर दिया। इस पीठ ने ही प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सिर्फ बीटीसी और डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को शामिल किये जाने का आदेश दिया था। एसएलपी स्थानांतरित किये जाने के बाद राज्य सरकार ने याचिका वापस ले ली और न्यायालय को बताया कि इस मामले में नए सिरे से रिट याचिका दायर की जायेगी। ।

————————————————

केन्द्र सरकार ने पटना के अनिसाबाद से पटना एम्स तक छह लेन वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण को मंजूरी दे दी है। पथ निर्माण विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सात किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड फुलवारीशरीफ के रास्ते एम्स को जोड़ते हुए एनएच–एक सौ अड़तीस में मिल जायेगी। इस सड़क के निर्माण के लिए अभी नौ सौ पचास करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गयी है।

————————————————

मधुबनी जिले के साहरघाट में डकैतों ने एक व्यापारी के घर डाका डालकर करोड़ों रूपये की संपत्ति लूट ली। पुलिस ने बताया कि लगभग पचास की संख्या में आए डकैतों ने घटना को अंजाम दिया। लूट–पाट के दौरान अपराधियों ने घर के पांच सदस्यों को चाकू मारकर घायल कर दिया। साथ ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर डकैतों ने गोलीबारी की और बम से हमला किया। बमबारी की घटना में पुलिस के दो जवान घायल हो गये। इसमें से एक को बेहतर इलाज के लिए मधुबनी भेजा गया है। पुलिस डकैतों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

———————————————

प्रदेश से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। इसके चलते राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के खगड़ाघाट में सबसे अधिक बीस मिलीमीटर बारिश हुयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा। राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–पश्चिम के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

———————————————

राज्य में डेंगू के मामलों में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के तीन सौ चौवालीस नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनासी मामले मिले हैं। वहीं, सारण जिले में बीस, भागलपुर में उन्नीस, नवादा में सत्रह और मुंगेर में सोलह नए मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार से अधिक हो गयी है।

———————————————

आज विश्व डाक दिवस है। प्रति वर्ष नौ अक्टूबर को दुनिया भर के लोगों के जीवन में डाक की भूमिका के प्रति जागरूता के मकसद से यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष डाक दिवस की थीम है– **टुगेदर फॉर ट्रस्ट।** भारत में वर्ष सत्रह सौ छियासठ में रॉबर्ट क्लाइव ने नियमित डाक व्यवस्था की शुरूआत की थी। विश्व डाक दिवस के अवसर पर आम लोगों को डाक विभाग की विभिन्न सुविधाओं की जानकारी देने के लिये प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

———————————————

बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला गांव में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————

शिवहर के पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार ने स्थानीय अदालत के आदेश पर जिले के दो थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है।

————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के वनकटवा स्थित किसान भवन में एसएसबी की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गयी और लोगों के घरों से मिट्टी एकत्र की गयी।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।